தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका



अक्टूबर–नवम्बर 2023

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

## पदाधिकारीगण 2023–2024

**अध्यक्ष**
मोहनलाल एन. बजाज

**मनोनीत अध्यक्ष**
प्रवीण कुमार टाटिया

**उपाध्यक्ष**
नरेन्द्र श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया
ज्ञानचंद आंचलिया
विजय गोयल

**महामंत्री**
देवराज आच्छा

**सहमंत्री**
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद कोठारी
जगदीश प्रसाद पोरवाल

**कोषाध्यक्ष**
गौतमचंद डागा

**सह–कोषाध्यक्ष**
अशोक कुमार लखोटिया


# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 54 | संयुक्तांक : 10–11
अक्टूबर–नवम्बर 2023

**संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
राजकुमार एच. कोठारी

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल

प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :



**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

**जहाँ-जहाँ यह चिह्न है उन पर आप क्लिक कर के वह वीडियो देख-सुन सकते हैं**



# आइये! स्वयं को आलोकित करें

भारतीय त्यौहारों की यही विशेषता है कि वे जीवन की एकरसता को भंग करके उसमें नई ऊर्जा, जोश और उत्साह पैदा कर देते हैं। इसीलिए भारतीयों को उत्सव-प्रेमी कहा गया है।

दीपावली भी एक उत्सव है। मन के अंधियारे में प्रकाश का, बुराईयों और कुविचारों पर विजय का। इसी भावना से, ध्येय से यह दीपावली पर्व मनाया जाता है। कथाएँ अनेक हो सकती हैं, किंतु सार सबका यही है।

**भारतीय त्यौहारों की यही विशेषता है कि वे जीवन की एकरसता को भंग करके उसमें नई ऊर्जा, जोश और उत्साह पैदा करते हैं**

दीपावली एक अवसर है घर-आँगन को बुहारने का, लिपाई-पुताई कर उसे चमकाने का, सुसज्जित कर पुरातन को त्यागने तथा नवीन को ग्रहण करने का। हमारे आध्यात्मिक और सामाजिक गुरुओं ने मानव से, विशेषकर हम भारतीयों से यही अपेक्षा की है कि हम वर्ष में कम-से-कम एक बार, दीपावली के प्रकाश के परिप्रेक्ष्य में अपने मन-आँगन में जमा वैर-भाव, हिंसा, क्रूरता और पर-अहित की भावनाओं, विचारों को बुहार कर प्रेम-प्यार के रंग-रोगन से रंग कर उसे प्रकाशित कर लें। स्वयं प्रकाशवान बनें और अन्य को भी आलोकित करें। तभी जीवन की सार्थकता है।

दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा और फिर

भाई-दूज को मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा के बहाने हम उस घटना का स्मरण करते हैं जब श्रीकृष्ण ने नर-नारी, पशुओं को संकट से अभयदान प्रदान करते हुए गोवर्धन पर्वत को एक उँगली पर उठाकर उसकी छत्र-छाया तले सभी को आश्रय के लिए प्रेरित किया था।

**एक-दूसरे के सहयोग और सहायता से ही समाज विस्तार पाता है**

मानव-जीवन में संकट की घड़ी में हमें भी अन्यों को सहायता प्रदान करने का प्रयास कर उन्हें उनके दु:ख-तकलीफ से उबारने का प्रयत्न करना चाहिए। यही मानव कर्त्तव्य है। एक-दूसरे के सहयोग और सहायता से ही समाज विस्तार पाता है, मानवता जीवित रहती है।

भैय्या-दूज मनाने में भी सम्पूर्ण नारी जगत को भगिनी की दृष्टि से देखकर उनकी रक्षा का भान मनुष्य में उत्पन्न होना चाहिए। नारी सुरक्षित है तो परिवार सुरक्षित है और पारिवारिक सुरक्षा सुदृढ़ समाज की रचना करती है।

तो आईये! दीपावली-उत्सव के इन राहों पर चलकर मानव जीवन को प्रकाशवान बनाते हुए स्वयं को आलोकित करें।



# रजत द्वारा आयोजित 'राजस्थानी बाजार' प्रदर्शिनी




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु (रजत) की ओर से 'राजस्थानी बाजार' की शुरुआत 28 व 29 अक्टूबर 2023 को किलपॉक स्थित सेंट जार्ज स्कूल के विंग्स कन्वेशन सेंटर में की गई। मुख्य अतिथि तमिल सिनेमा की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री कलैमामणी सुकन्या रमेश एवं विशिष्ट अतिथि नीलिमा रानी एवं रेफेक्स इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर श्री जगदीश बूरड़ ने फीता काट कर बाजार का शुभारंभ किया। अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया।

राजस्थानी बाजार में राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिली। शनिवार को शाम होते-होते बड़ी संख्या में खरीदार उमड़ पड़े। इस दिन मध्यरात्रि तक शॉपिंग हुई। रविवार तक चलने वाले इस बाजार का विशेष आकर्षण राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शन रहा।

बाजार में, एयरकंडीशन्ड हाल में ज्वेलरी प्रदर्शित की गई। विजिटर फैशन, डेकर, एक्सक्लूसिव पैवेलियन बनाया गया।

राजस्थानी बाजार में 150 से अधिक स्टाल थे। अगले दिन

रविवार को भी बड़ी संख्या में दर्शक पधारें। प्रदर्शनी में देशभर से दुकानदारों ने भाग लिया। आगंतुकों के लिए राजस्थानी व्यंजनों का लुत्फ उठाने हेतु विशेष कक्ष थे। विविध चीजों के लिए विविध कक्ष थे जैसे - घरेलू सामान, फुटवियर, फर्नीचर, अन्य उपयोगी वस्तुएँ आदि। लोगों ने जमकर खरीदारी की।

हर एक घंटे में लक्की ड्रा तथा हर तीन घंटे में बम्पर ड्रा निकाला गया।

रजत के अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज, महासचिव श्री देवराज आच्छा, कोषाध्यक्ष श्री गौतमचंद डागा, चेयरमैन श्री नरेंद्र श्रीश्रीमाल, को चेयरमैन श्री प्रवीण टाटिया, श्री हेमंत दुगड़, श्री दिलीप चंदन, श्री सह-सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी व श्री अजय नाहर समेत संस्था के पदाधिकारी व अनेक सदस्य इस मौके पर उपस्थित थे।

यह संस्कृति, एकता और परोपकार का उत्सव था। राजस्थानी बाजार ने भारत की विविध कलात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। रजत के इस वार्षिक राजस्थानी बाजार से होने वााली आय जनहित कार्यों में व्यय की जाएगी जैसे - कॉलेज के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना, भोजन और पुस्तक बैंकों का समर्थन करना, राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा समर्थित विभिन्न अन्य धार्मिक, सामाजिक कार्य, योजनाएँ आदि।

इससे पहले पारंपरिक राजस्थानी लोक कलाओं का साक्षात प्रदर्शन किया गया, जिसका उद्घाटन अभिनेता श्री प्रेम कुमार ने किया।

सांस्कृति कार्यक्रम का संचालन श्री जयंतीलाल तेलिसरा व श्री गिरी बागड़ी ने किया। राजस्थानी प्रदर्शनी के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र श्रीश्रीमाल ने कहा - इस साल का राजस्थानी बाजार एकता और संस्कृति का सच्चा प्रमाण होने का वादा करता है। यह हमारे देश की समृद्ध विरासत को उजागर करता है।

लोगों की जरूरतों और कल्याण को पूरा करने के लिए राजस्थानी बाजार से होने वाली आय को समर्पित किया जाएगा। प्रदर्शनी रविवार को सुबह 10.30 बजे से रात 9.00 बजे तक रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 4.30 बजे शुरू हुए जिसका सभी दर्शकों ने खूब आनंद लिया।

महासचिव श्री देवराज आच्छा ने राजस्थानी बाजार की सफलता के लिए चेयरमैन श्री नरेंद्र श्रीश्रीमाल, को-चेयरमैन श्री प्रवीण टाटिया, श्री हेमंत दुगड़, श्री दिलीप चंदन एवं सभी सहयोगियों, कार्यकर्ताओं और सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। ☐

---



# आओ फिर से दीया जलाएँ...

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी की दीपावली के अवसर पर प्रेरणादायक व सुंदर कविता को अनुराग भोलिया की आवाज़ में सुनने के लिए वीडियो पर क्लिक करें..**



# रजत ओलंपियाड के सफल आयोजन पर
# अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ

वर्ष 2023, राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के इतिहास में अपने एक विशेष आयोजन द्वारा स्मरणीय पृष्ठ के रूप में जुड़ गया है। रजत (राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु) के वर्तमान अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज जी की खेलों के प्रति विशाल दृष्टि और कल्पना ने 'खेल-योजना' को जन्म दिया और रजत ने एक विराट लक्ष्य की प्राप्ति की।

सैंकड़ों युवक-युवतियों, बालकों-किशोरों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारिता, उत्साह एवं जुनून ने न केवल राजस्थानी समाज में एकता की लहर पैदा की, 'राजस्थानी' गौरव को भी स्थापित किया।

'सबका साथ-सबका विकास' का यह खेल आयोजन अभूतपूर्व उदाहरण बना जिसके लिए अध्यक्ष मोहनलाल जी बजाज तो बधाई के पात्र हैं ही, उनकी टीम, कार्यकर्ता, आयोजन प्रभारी और उत्साहवर्धन हेतु एकत्रित राजस्थानी समाज तथा सदस्य भी बधाई तथा प्रशंसा के अधिकारी हैं।

इससे एक बात और सिद्ध होती है; जन-विकास तथा प्रतिभा प्रोत्साहन हेतु यदि संस्थाएँ कार्यक्रम आयोजित करें, समाज की सुप्त चेतना में भी जागृति पैदा होती है और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रवाहित होती है। अतः सामाजिक, साहित्यिक संस्थाओं को अपने सदस्यों की प्रतिभा विकास एवं जनजागृति के आयोजन समय-समय पर क्रियान्वित करते रहना चाहिए। इसका एक अन्य लाभ यह भी है कि संस्था/एसोसिएशन की छवि निखरती है, प्रतिष्ठा बढ़ती है और अन्य को लोककार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

अंत में पुनः वर्तमान अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज एवं उनकी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ। □

# रजत का पारिवारिक स्नेह मिलन
## नमो फार्म में हर्षोल्लास से संपन्न




राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 4-5 नवंबर 2023 को कन्नूर विलेज, सुंगवारछत्रम स्थित श्री नमो फार्मस् में पारिवारिक स्नेह मिलन, दो दिवसीय पिकनिक के रूप में, आयोजित किया गया।

शनिवार को अग्रवाल विद्यालय, वेपेरी में सदस्यगण परिवार सहित एकत्रित हुए तथा वहाँ से सभी फार्मस् पर पहुँचे। तत्पश्चात सर्वप्रथम रजत की कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया। सह-सचिव श्री अजय नाहर ने मीटिंग का संचालन करते हुए रजत के द्वारा हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रायोजक अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज का अभिनंदन शॉल व स्मृति चिह्न से पूर्वाध्यक्षों ने किया। संयुक्त सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया।

इसके पश्चात् श्री राधेश्याम मूँदड़ा के संयोजन में फिल्मी

गीतों की संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें श्री अशोक कोठारी, श्री राकेश विनायिका, श्रीमती निर्मला कोठारी ने कई सदाबहार गीत प्रस्तुत किये। उपस्थित सभी दर्शकों ने इसका खूब आनंद लिया।

अगले दिन रविवार प्रातः की शुरुआत योग से की गई। श्री विनोद जैन ने सभी को योग करवाया और योगासन के द्वारा किस प्रकार हम तंदुरुस्त रह सकते हैं, इसकी जानकारी दी। फार्म पर स्थित गौशाला में गौपूजा का लाभ लिया गया।

तैराकी व बरसात नृत्य का सभी महिलाओं व पुरुषों ने जमकर आनंद उठाया। बाक्सनेट क्रिकेट की पारी भी खेली गयी। विजेता व रनर टीम को नमो फार्म्स की ओर से ईनाम दिया गया। दोपहर को स्वादिष्ट दक्षिण भारतीय भोज (सापाड़) की व्यवस्था थी जिसे सभी ने खूब पसंद किया और खाने का आनंद लिया।

खाने के उपरांत मनोरंजक प्रतियोगिताएं रखी गई। पायल व पूजा तातेड़ ने जुंबा नृत्य व अनेक रंगारंग प्रतियोगिताओं का संचालन किया। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रीमती शोभा बजाज ने सभी जीतने वालों को पुरस्कार प्रदान किया। उपाध्यक्ष श्री विजय गोयल व श्री विमलचंद धारीवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम से रजत परिवारों में आपसी प्रेमभाव व मेल मिलाप बढ़ेगा।

श्री दौलत बांठिया ने उपस्थित सभी सदस्यों के नामों को जोड़कर शानदार गीत प्रस्तुत किया। श्री महेन्द्र कुंकलोल ने लाजवाब खान-पान की व्यवस्था संभाली।

शाम को अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज द्वारा पधारें सभी को उपहार दिया गया। चाय व नाश्ते के बाद चेन्नई की ओर प्रस्थान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

पारिवारिक स्नेह मिलन एक यादगार कार्यक्रम बन सभी सम्मिलित सदस्यों की यादों में बस गया। □

# गणगौर गरबा-डांडिया आयोजन संपन्न




रजत की महिला इकाई गणगौर ने नवरात्रि की पूर्व संध्या शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023 को 'सुभाष रांका डी जे रास गरबा' कार्यक्रम ताज क्लब हाउस में आयोजित किया।

टाइटल स्पॉन्सर (शीर्षक प्रायोजक) श्री सुभाष रांका, पावर स्पॉन्सर व अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज, पावर स्पॉन्सर व उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र श्रीश्रीमाल, पावर स्पॉन्सर सीताराम ज्वेल्स, को-स्पॉन्सर नुवामा, को-स्पॉन्सर घराणा, पार्टनर स्पॉन्सर बिनास एवं आर के पी, महासचिव श्री देवराज आच्छा, निर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रवीण टाटिया और गणगौर के समन्वयक श्री विनोद जैन, सह-समन्वयक श्री अजय नाहर आदि का स्वागत एवं अभिनंदन गणगौर की अध्यक्षा श्रीमती कांता बिसानी ने किया।

लगभग 150 महिलाओं ने भारतीय वेशभूषा और दुर्गा माता की भक्ति भाव के साथ सुनियोजित कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में गरबा एवं डांडिया के विजेताओं को श्री सुभाष रांका द्वारा पुरस्कार दिए गए। □

# सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवा आवार्ड से
# श्री ज्ञानचंद कोठारी सम्मानित



भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम के 92वें जन्मदिन समारोह के अवसर पर 15 अक्टूबर को रजत के सह-मंत्री श्री ज्ञानचंद कोठारी को 'इंटरनेशनल यूनाइटेड कलाम बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवा अवार्ड' से नवाजा गया।

उपरोक्त संस्था के अध्यक्ष डॉ. सेंथुर पांडी ने बताया कि श्री ज्ञानचंद कोठारी महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो के चेयरमैन, जी के जैन हायर सेकंडरी स्कूल के सेक्रेटरी, कटारिया डायलिसिस सेंटर के सचिव तथा राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के संयुक्त सचिव एवं अनेक संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा व मानव सेवा में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उनका सम्मान करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है।

रजत के सदस्यों, पदाधिकारियों की हार्दिक बधाई एवं यशस्वी जीवन हेतु शुभकामनाएँ। □

# रजत राज्य परिषद् अधिवेशन

**16 एवं 17 दिसम्बर 2023, येलगिरी, तमिलनाडु**

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा राज्य परिषद् का अधिवेशन प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य तमिलनाडु एवं पुदुचेरी के सभी जिला मुख्यालयों तथा शहरों में राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की स्वतंत्र शाखाएँ स्थापित कर, उन्हें मुख्य संस्था से जोड़ना है। यह प्रयास करीब 18 वर्षों से किया जा रहा है ताकि तमिलनाडु के प्रवासियों का एक मजबूत संगठन हो।

इस अधिवेशन में कई सामायिक विषयों पर परिचर्चा होगी। राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु से संबद्ध संस्थाओं के विचार एवं राज्य परिषद् को समृद्ध, संबल व संगठित बनाने के विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

इस अधिवेशन में भाग लेने के लिए अग्रिम पंजीकरण करना अनिवार्य है। आवास, यातायात, भोजन, कार्यक्रम व अन्य सभी व्यवस्थाएँ उपलब्ध रहेंगी।

पंजीकरण शुल्क ₹2000 प्रति व्यक्ति तथा ₹3000 प्रति युगल रहेगा।

16 दिसम्बर 2023 को ट्रेन द्वारा प्रस्थान होगा। होटल येलगिरी हिल्स में ठहरने की व्यवस्था है तथा सायंकाल में सांस्कृति कार्यक्रम रहेगा।

17 मार्च 2023 को अधिवेशन होगा और रात्रि में ट्रेन से चेन्नई की वापसी होगी।

अधिक जानकारी के लिए 9120189191 अथवा रजत के कार्यालय में संपर्क करें।

# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

की प्रस्तुति




## माँ की महत्ता पर आधारित 100 से अधिक कलाकारों द्वारा नृत्यों, कविताओं व भावप्रिय संवादों से सज्जित सांस्कृतिक संध्या

## रविवार, 3 दिसम्बर 2023

सायं 6.00 से 7.00 बजे - स्वल्पाहार

सायं 7.00 से 9.00 बजे - 'माँ' कार्यक्रम

चिन्मया हैरिटेज सेंटर, चेटपेट, चेन्नई-31.

## आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**मोहनलाल बजाज**
अध्यक्ष

**देवराज आच्छा**
महासचिव

**CA गौतमचंद डागा**
कोषाध्यक्ष

**राधेश्याम मूँधड़ा**
संयोजक

**गोविंद मूँदड़ा**
सह संयोजक





# MAHAVEER RAJASTHANI INTERNATIONAL SCHOOL

Gudapakkam, Chennai - 600 124.

CBSE - Affiliation : 1931196

## ADMISSION OPEN FOR

# LKG

## 2023 - 2024

Contact - 8189906565






# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर




## 1 सितम्बर 2023

**पोरूर** - 101 लोगों की आँखों की जाँच, 63 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**नंगनल्लूर** - 30 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

## 3 सितम्बर 2023

**नया धोबीपेट** - 112 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

**पुरूषवाक्कम** - 49 लोगों की आँखों की जाँच, 32 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**अम्बत्तूर** - 175 लोगों की आँखों की जाँच, 79 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 10 सितम्बर 2023

**ताम्बरम** - 86 लोगों की आँखों की जाँच की गई।

**पुराना धोबीपेट** - 45 लोगों की आँखों की जाँच, 18 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**14 सितम्बर 2023**

**तिरूवत्तियूर** - 152 लोगों की आँखों की जाँच की गई। साथ ही 35 लोगों ने जनरल चेकअप कराया।

**22 सितम्बर 2023**

**वेलचेरी** - 45 लोगों की आँखों की जाँच, 29 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**तिरूक्कलीकुंडरम** - 125 लोगों की आँखों की जाँच की।

**24 सितम्बर 2023**

**पल्लावरम** - 201 लोगों की आँखों की जाँच, 63 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

**3 नवम्बर 2023**

**पोरूर** - 125 लोगों की आँखों की जाँच, 75 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**5 नवम्बर 2023**

**पुरुषवाक्कम** - 48 लोगों की आँखों की जाँच, 35 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**अम्बत्तूर** - 135 लोगों की आँखों की जाँच, 83 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

---

# नि:शुल्क नेत्र-दंत जाँच शिविर

सिघवी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 10 सितम्बर 2023 को पोथानुरपेट, तिरूतन्नी के गर्वमेंट बॉयस हायर सेकंड्री स्कूल में नि:शुल्क नेत्र-दंत जाँच शिविर लगाया गया जिसमें 205 लोगों की नेत्र की जाँच और 101 लोगों ने दाँतों की जाँच करवाकर लाभ उठाया। □

---

# तेरापंथ महिला मंडल, मदुरै द्वारा
# 'अवचेतन मन की शक्ति' कार्यशाला




15 सितम्बर 2023 को तेरापंथ महिला मंडल, मदुरै के तत्वावधान में स्थानीय तेरापंथ भवन में 'The Power of Sub-conscious Mind' की कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल की बहनों ने प्रेरणा गीत से की। मुंबई से पधारे प्रवक्त उपासक श्री सुरेश ओसवाल एवं उपासक श्री अशोक चौधरी ने बताया कि सबकॉन्शियस माइंड का मतलब होता है 'अवचेतन मन'।

हमारा मन दो भागों में विभक्त है। पहला चेतन मन और दूसरा अवचेतन मन। जब हम किसी चीज को ज्यादा दिन तक याद रखते हैं तो वह हमारे अवचेतन मन में याद हो जाता है। अवचेतन मन की शक्ति बहुत अधिक और अद्भुत होता है।

अगर हम कोई भी कार्य करना चाहते हैं तो बस अपने अवचेतन मन को बता देना है और चेतन मन उस कार्य को अपने आप कर देता है। यह हमारे अवचेतन मन की शक्ति है। उन्होंने कहानी के माध्यम से बताया कि हमें हमेशा सकारात्मक सोचने का अभ्यास करना चाहिए। □

# साप्ताहिक गोष्ठी व कार्यशाला आयोजित

शिवकाशी महिला मंडल द्वारा साप्ताहिक गोष्ठी, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित प्रतिक्रमण की चारों पाटी का संगान, मौन पचरंगी का कार्यक्रम और 'कन्यादान क्यों' विषय पर कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला का कुशल संचालन मंत्री श्रीमती बेला कोठारी ने किया। अध्यक्ष श्रीमती रानी बरडिया ने उपस्थित बहनों को रोचक और धार्मिक शब्दाक्षरी तथा अन्य अनुपम खेलों का आयोजन किया।

'Power of Resilence' कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। अलग-अलग रिश्तों की अहमियत और सामंजस्य-तालमेल कैसे बिठाएँ इस पर चर्चा की गई। स्वयं पर विश्वास करना, स्वयं को खुश रखना, दूसरों को शांति से सुनना और सकारात्मकता अपनाना सुखी जीवन की कुंजी है। श्रीमती दिव्या आँचलिया ने बहुत सुंदर कविता के माध्यम से इस विषय पर प्रकाश डाला -

हर रिश्ते में रहे हमेशा लचीलापन।
तभी दिल में रहेगा हमेशा अपनापन।।

---

## संस्थाओं से निवेदन

### अंग्रेजी भाषा में समाचार ना भेजें

दक्षिण राजस्थानी पोस्ट प्रबंधन के पास अंग्रेजी भाषा से हिंदी भाषा में अनुवाद की व्यवस्था फिलहाल उपलब्ध नहीं है। अतः संस्थागत समाचार केवल हिंदी भाषा में ही प्रेषित करावें। साथ ही अपने समाचार प्रत्येक माह की 25 तारीख तक अवश्य भेज दें ताकि उन्हें प्रकाशित किया जा सके। **- संपादक**

# अनुभूति द्वारा काव्यपाठ प्रतियोगिता ‘काव्यांकुर’ कार्यशाला



चेन्नई की साहित्यिक संस्था ‘अनुभूति’ और विमेन्स क्रिश्चियन कॉलेज के हिंदी भाषा विभाग-शिफ्ट 2 के सौजन्य से शनिवार, 2 सितम्बर 2023 को ‘काव्यांकुर’ काव्य-सृजन कार्यशाला और अंतर्महाविद्यालयीन काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के बेनेडिक्टा हॉल में संपन्न हुआ। हिंदी दैनिक ‘राजस्थान पत्रिका’ कार्यक्रम के मीडिया पार्टनर थे।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में बेंगलुरु से पधारे प्रख्यात कवि डॉ. आदित्य शुक्ल ने काव्य सृजन कार्यशाला में प्रतिभागियों को काव्य रचना की प्रक्रिया, गुण-दोष, प्रयोजन एवं विभिन्न आयामों को बहुत ही रोचक अंदाज में बताया। ‘अनुभूति’ के कई सदस्यों ने उपस्थित होकर अपना ज्ञानवर्धन किया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में अंतर महाविद्यालयीन काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें चेन्नई के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। कई तमिल भाषी विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा में अपनी प्रस्तुतियां दी, जो बहुत सराहनीय रही। प्रतियोगिता के निर्णायकगणों में श्री बी.एल.आच्छा, श्री

विजय राघवन और श्री गोविंद मूंदड़ा थे।

अंत में विजेताओं को अनुभूति की तरफ से मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

राजस्थान पत्रिका के प्रभारी संपादक श्री विजय राघवन ने अपने उद्‌बोधन में इस सार्थक आयोजन के लिए विमेंस क्रिश्चियन कॉलेज की भाषा विभागाध्यक्षा डॉ. सुनीता जाजोदिया को धन्यवाद दिया और साथ ही हिंदी भाषा और कविता लेखन के प्रति विद्यार्थियों को सतत रूप से कार्यरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। □

---

# रजत की सहभागिता 'अनुभूति' का 'ग़ज़ल के फूल' कार्यक्रम



चेन्नई की साहित्यिक संस्था 'अनुभूति' द्वारा 'ग़ज़ल के फूल' कार्यक्रम का आयोजन 1 अक्टूबर 2023 को स्थानीय चिन्मया हैरिटेज सेंटर में किया गया।

कार्यक्रम में रजत भी सहयोगी रहा। आमंत्रित ग़ज़लकारों ने प्रसिद्ध साहित्यकारों की ग़ज़लों को संगीतबद्ध कर प्रस्तुत किया और ग़ज़लप्रेमियों की वाहवाही लूटी। राजस्थान पत्रिका इस कार्यक्रम की मीडिया पार्टनर थी। □

# जैन हेल्थी फूड प्रतियोगिता




तेरापंथ महिला मंडल, मदुरै द्वारा स्थानीय तेरापंथ भवन में 'जैन हेल्थी फूड' प्रतियोगिता रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती बबीता लोढा ने मंगलाचरण से किया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रीमती मधु पारख ने सभी का स्वागत किया। श्रीमती दीपिका फुलफगर और श्रीमती सोना चोपड़ा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

अच्छा भोजन वह होता है जिसमें सभी शरीर के लिए आवश्यक सभी तत्व मौजूद हों, जिसमें प्रत्येक खाद्य समूह शामिल हो और जो शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

प्रतियोगिता के नियम थे सेल्फ प्रेजेंटेशन, न्यू आइडिया, फूड प्रेजेंटेशन एंड टेस्ट। सभी बहनों ने प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया श्रीमती डिंपल बागरेचा ने, दूसरा स्थान प्राप्त किया श्रीमती बबीता गिड़िया ने और तीसरे स्थान पर श्रीमती सुनीता कोठारी रहीं।

धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सोना चोपड़ा ने दिया और कार्यक्रम का कुशल संयोजन मंत्री श्रीमती सुनीता कोठारी ने किया। ☐

# नशा मुक्ति नाटक का सफल मंचन




मदुरै। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय तेरापंथ कन्यामंडल के निर्देशानुसार, मदुरै तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में कन्यामंडल द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया।

कन्याओं का उत्साह बढ़ाने और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए महिला मंडल की बहनें एवं ज्ञानशाला के बच्चे भी उपस्थित थे। कन्याओं ने 'छोडो नशे को त्यागो तुम, होश में आओ जागो तुम' का संदेश दिया। नशे की लत में पड़े एक लड़के की कहानी दिखाते हुए सब को सीख दी गई। सभी को नशामुक्ति की प्रतिज्ञा दिलवाई। कन्यामंडल की अच्छी उपस्थिति थी।

नाट्य प्रस्तुति प्रतियोगिता में पहला स्थान मिला सिद्धि जीरावला, तनु लोढ़ा, कोमल जीरावला, विधि कोठारी को और दूसरा स्थान प्राप्त किया मुस्कान सुराणा, सोनू चोपड़ा, अविका चोपड़ा ने। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन कन्या मंडल प्रभारी दीपिका फूलफगर ने किया। □

# ब्यावर एसोसिएशन ट्रस्ट का संगीतमय कार्यक्रम संपन्न



ब्यावर एसोसिएशन ट्रस्ट मद्रास का 28 अक्टूबर 2023 को जीवन आनंद योजना फंड संकलन एवं दिवाली मिलन हेतु कार्यक्रम लेडी अंडाल सभा हाल चेटपेट में किया।

कार्यक्रम में कविता पौड़वाल, जोली मुखर्जी, मदन मोहन शुक्ला, मधुरा देशमांडे और अनुराधा पौड़वाल टीम के साथ मिलकर नायाब संगीतमय प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक श्री एस एस खेतपालिया फाउंडेशन के श्री सुनील खेतपालिया, एम आई लाइफस्टाइल के श्री प्रवीण चंदन, ए एम एस बुलियन के श्री पुखराज बडोला, श्री दीपचंद लूनिया पप्पुसा एवं मार्गदर्शक श्री सुभाष रांका, अध्यक्ष श्री राजकुमार कोठारी, चेयरमैन श्री सुरेश लुणावत, को-चेयरमैन श्री अजीत गोठी, महासचिव श्री अजय नाहर, कोषाध्यक्ष श्री राजेश बोहरा, बी वाइ ए के अध्यक्ष श्री राकेश नाहर, सचिव श्री सैनिक बोथरा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू किया।

सर्वप्रथम अध्यक्ष श्री राजकुमार कोठारी ने सभी का स्वागत किया। श्री सुरेश लुणावत ने जीवन आनंद योजना के तहत

लाभ लेने वाले परिवारों की जानकारी दी। महासचिव श्री अजय नाहर ने सभी दानदाताओं सदस्यों एवं पूर्व अध्यक्षगणों को विशेष आभार दिया।

एस एस खेतपालिया फाउंडेशन कविता अनुराधा पौड़वाल लाइव शो में मुख्यत: अनुराधा पौड़वाल द्वारा गाये हुए गीतों की प्रस्तुति हुई। राजस्थानी डोला रे डोला गीत ने धरती धोरा की याद दिला दी।

आयोजन की आय से 100 जरूरतमंद परिवारों को पेंशन दी जाएगी। संस्था छात्रवृत्ति का कार्य एवं जीवन आनंद मासिक पेंशन जरूरतमंद सहधर्मी भाइयों के लिए कार्यरत है। ☐

---



# मरूधर केसरी जैन महिला कॉलेज का दीक्षांत समारोह




मरूधर केसरी जैन महिला कॉलेज, वानियंबाडी का 1 नवम्बर 2023, बुधवार को, 2020-21 बैच के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।

कॉलेज के अध्यक्ष श्री एम विमलचंद जैन (पूर्वाध्यक्ष - राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु), मुख्य अतिथि जेप्पियार यूनिवर्सिटी चेन्नई की संस्थापक और चांसलर डॉ. रेजिना जे मुरली, सम्मानित अतिथि राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के अध्यक्ष श्री एन. मोहनलाल बजाज, जेप्पियार यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार श्री बीनू शिव सिंह, रजत के संयुक्त सचिव श्री एम. ज्ञानचंद कोठारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का सम्मान शॉल व स्मृति चिह्न से किया गया।

विद्यार्थियों ने सभागार में प्रवेश से पहले अपना पंजीकरण कराया। सभी स्नातकों में से 8 स्वर्ण पदक और 56 विश्वविद्यालय रैंक धारकों को शील्ड और नकद से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के कुल 955 विद्यार्थियों ने स्नातक उपाधि प्राप्त की। □

# मदुरै से जोधपुर तक के लिए सीधी रेल सेवा की मांग



मदुरै। उत्तर भारतीय यात्री सेवा संघ के अध्यक्ष श्री सी. अरूणकुमार, कोषाध्यक्ष श्री ए रमेश राजपुरोहित, श्री विजयसिंह ऊण आदि ने मदुरै रेलवे के नए डीआरएम श्री शरद श्रीवास्तव का मंदिरों की नगरी मदुरै में स्वागत करते हुए मदुरै से जोधपुर के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने के लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि मदुरै और मदुरै के आसपास करीब एक लाख की आबादी में उत्तर भारतीय लोग रहते हैं।

1. गंगानगर से तिरूचिरापल्ली - तिरूचिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेस (ट्रेन नं. 22497) को मदुरै तक बढ़ाया जाए।

2. जोधपुर से चेन्नई एग्मोर - ट्रेन नंबर 22664 को नागरकोइल तक बढ़ाया जाए।

3. जोधपुर से तिरूचिरापल्ली - ट्रेन नंबर 20481 का विस्तार मदुरै तक करने का निवेदन किया। □

# तेरापंथ महिला मंडल द्वारा कार्यशाला




मदुरै। स्थानीय तेरापंथ भवन में, तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार 'द पॉवर ऑफ रीडिंग' कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में श्रीमती डिंपल बागरेचा एवं श्रीमती ममता संकलेचा ने बहुत ही अच्छी तरह से सभी को समझाया कि किताबें क्यों पढ़नी चाहिए और इससे क्या लाभ हैं। साहित्य की किताबें जैसे वफादार मित्र और कोई नहीं है। किताबें हमें सही मार्गदर्शन प्राप्त कराती हैं।

श्रीमती डिंपल बागरेचा ने उपस्थित बहनों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से समझाया कि स्वाध्याय का अर्थ क्या है, स्वाध्याय कितने प्रकार के हैं और उनके बारे में भी जानकारी दी। सबको प्रेरणा दी कि दिन में कम-से-कम 20 मिनट तक सबको स्वाध्याय करना चाहिए। ऐसा करने से हमारी स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ती है।


मंत्री श्रीमती सुनीता कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। □

# डॉ. विनोद सुराणा का सम्मान






1 नवम्बर 2023 को सुराणा एंड सुराणा इंटरनेशनल अटोर्नीज के प्रबंध भागीदार एवं मुख्य निष्पादन अधिकारी डॉ. विनोद सुराणा को तमिलनाडु के राज्यपाल श्री रवीन्द्र नारायण रवि ने सम्मानित किया। विभिन्न प्रदेशों के स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सुराणा को कानूनी पेशे में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। 'राजस्थान युवा रत्न' से सम्मानित डॉ. विनोद सुराणा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण पेशेवर दायित्व निभा रहे हैं। उन्हें अनेक प्रतिष्ठित सम्मान मिले हैं। □






# पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ
# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क
## ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**देवराज आच्छा**
महामंत्री - रजत
94442 65162